कीटनाशी अधिनियम, 1968

(1968 का अधिनियम संख्यांक 46)

[2 सितम्बर, 1968]

मनुष्यों या जीव-जन्तुओं को जोखिम के निवारण की दृष्टि से कीटनाशियों के आयात, विनिर्माण, विक्रय, परिवहन, वितरण और उपयोग के विनियमन तथा उससे सम्बद्ध विषयों के लिए अधिनियम

भारत गणराज्य के उन्नीसवें वर्ष में संसद् द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :—

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ—(1) यह अधिनियम कीटनाशी अधिनियम, 1968 कहा जा सकेगा ।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण भारत पर है ।

(3) यह उस तारीख[1] को प्रवृत्त होगा जिसे केन्द्रीय सरकार, शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, नियत करे और विभिन्न राज्यों के लिए तथा इस अधिनियम के विभिन्न उपबन्धों के लिए विभिन्न तारीखें नियत की जा सकेंगी ।

2. अन्य विधियों का लागू होना वर्जित नहीं—इस अधिनियम के उपबन्ध, तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अतिरिक्त होंगे, न कि उसके अल्पीकरण में ।

3. परिभाषाएं—इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "जीव-जन्तु" से मनुष्यों के लिए उपयोगी जीव-जन्तु अभिप्रेत हैं, और इसके अन्तर्गत मछली तथा कुक्कुटादि और वन-जन्तुओं की ऐसी किस्में भी हैं, जिन्हें, केन्द्रीय सरकार, शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा ऐसी किस्मों के रूप में विनिर्दिष्ट करे, जिनका उसकी राय में, संरक्षण अथवा परिरक्षण, वांछनीय है ;

(ख) "बोर्ड" से धारा 4 के अधीन गठित केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड अभिप्रेत है;

(ग) "केन्द्रीय कीटानाशी प्रयोगशाला" से धारा 16 के अधीन, यथास्थिति, स्थापित केन्द्रीय कीटनाशी प्रयोगशाला अथवा विनिर्दिष्ट संस्था अभिप्रेत है;

(घ) "आयात" से उन राज्यक्षेत्रों के भीतर के, जिन पर इस अधिनियम का विस्तार है, किसी स्थान पर, उन राज्यक्षेत्रों से बाहर के स्थान से लाना अभिप्रेत है;

(ङ) "कीटानाशी" से निम्नलिखित अभिप्रेत है—

(i) अनुसूची में विनिर्दिष्ट कोई पदार्थ; अथवा

(ii) ऐसे अन्य पदार्थ (जिनके अन्तर्गत कवक-नाशी या घासपात-नाशी भी हैं), जिन्हें केन्द्रीय सरकार, बोर्ड से परामर्श के पश्चात्, शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, समय-समय पर अनुसूची में सम्मिलित करे; अथवा

(iii) कोई निर्मिति जिसमें ऐसे पदार्थों में से कोई एक या अधिक अन्तर्विष्ट हों;

(च) "कीटनाशी विश्लेषक" से धारा 19 के अधीन नियुक्त कीटनाशी विश्लेषक अभिप्रेत हैं ;

(छ) "कीटनाशी निरीक्षक" से धारा 20 के अधीन नियुक्त कीटनाशी निरीक्षक अभिप्रेत है;

(ज) "लेबिल" से कोई भी ऐसा लिखित, मुद्रित या चित्रित विषय अभिप्रेत है जो प्रथम पैकेज पर और प्रत्येक अन्य आवरक पर है जिसमें पैकेज रखा गया है या पैक किया गया है, और इसके अन्तर्गत कीटनाशी के साथ वाला कोई भी लिखित, मुद्रित या चित्रित विषय भी है;

(झ) "अनुज्ञापन अधिकारी" से धारा 12 के अधीन नियुक्त अनुज्ञापन अभिप्रेत है;

(ञ) किसी कीटनाशी के सम्बन्ध में, "विनिर्माण" के अन्तर्गत निम्नलिखित है :—

---

[1] 1-3-1971 को धारा 4, 7, 8 और 36 प्रवृत्त हुई, देखिए सा०का०नि० 300, तारीख 27-2-1971, भारत का राजपत्र, 1971 (अंग्रेजी), भाग 2, खण्ड 3(i), असाधारण, पृ० 247, शेष उपबन्ध 1-8-1971 को प्रवृत्त हुए, देखिए सा०का०नि० 1108, तारीख 28-7-1971 भारत का राजपत्र, 1971 (अंग्रेजी), भाग 2, खण्ड 3(i), असाधारण, पृ० 749 ।

(i) किसी कीटनाशी के विक्रय, वितरण या उपयोगी की दृष्टि से उसे बनाने, परिवर्तित करने, परिरूपित करने, पैक करने, उस पर लेबिल लगाने, उसके हिस्से करने या उसे अन्यथा शोधित करने या अनुकूलित करने के लिए कोई प्रक्रिया या प्रक्रिया का भाग, किन्तु फुटकर कारबार के मामूली अनुक्रम में किसी कीटनाशी को पैक करना या उसके हिस्से करना इसके अन्तर्गत नहीं है, तथा

(ii) कोई प्रक्रिया जिससे कीटनाशी युक्त निर्मिति बनाई जाती है;

(ट) "कूटनामी"—कोई कीटनाशी कूटनामी समझा जाएगा—

(i) यदि उसके लेबिल में उससे संबंधित कोई ऐसा कथन, डिजाइन या चित्रित रूपण हो, जो किसी तात्त्विक विशिष्टि में मिथ्या या भ्रामक हो, अथवा यदि उसका पैकेज उसकी अन्तर्वस्तु की बाबत अन्यथा प्रवंचनाकारी हो; अथवा

(ii) यदि वह अन्य कीटनाशी की नकल हो या उसके नाम से बेचा जाता हो; अथवा

(iii) यदि उसके लेबिल में ऐसी चेतावनी न दी गई हो, जो मनुष्यों या जीव-जन्तुओं को जोखिम के निवारण के लिए आवश्यक हो और जिसका अनुपालन किए जाने पर वह उक्त निवारण के लिए पर्याप्त हो; अथवा

(iv) यदि कोई शब्द, कथन या अन्य सूचना, जिसका लेबिल पर होना इस अधिनियम द्वारा या इसके अधीन अपेक्षित हो, उस पर ऐसी सहज दृश्य रीति से, जिससे अन्य शब्द, कथन या डिजाइन या चित्रित विषय लेबिल पर प्रदर्शित किए गए हों, और ऐसी शैली में, जिसे क्रय तथा उपयोग की रूढ़िगत दशाओं में सामान्य व्यक्ति द्वारा उसका पढ़ा जाना और समझा जाना संभाव्य हो जाए, प्रदर्शित न की गई हो; अथवा

(v) यदि इस अधिनियम द्वारा या इसके अधीन अपेक्षित रूप से उसे पैक न किया गया हो या उस पर लेबिल न लगाया गया हो; अथवा

(vi) यदि उसे इस अधिनियम द्वारा या इसके अधीन अपेक्षित रूप में रजिस्ट्रीकृत न किया गया हो; अथवा

(vii) यदि लेबिल में रजिस्ट्रीकरण संख्यांक से भिन्न कोई रजिस्ट्रीकरण का निर्देश अन्तर्विष्ट हो; अथवा

(viii) यदि कीटनाशी में उतनी विषालुता हो जो विहित मात्रा से अधिक हो अथवा उसमें ऐसा कोई पदार्थ मिश्रित या पैक कर दिया गया हो जिससे उसकी प्रकृति या क्वालिटी बदल जाए या उसमें ऐसा पदार्थ हो जो रजिस्ट्रीकरण में सम्मिलित न किया गया हो;

(ठ) "पैकेज" से कोई बक्स, बोतल, संदूकची, टिन, पीपा, डिब्बा, पात्र, बोरी, थैला, आवेष्टन या ऐसी अन्य वस्तु अभिप्रेत है जिसमें कोई कीटनाशी रखा या पैक किया जाता है;

(ड) "परिसर" से कोई ऐसी भूमि, दुकान, स्टाल या स्थान अभिप्रेत है जहां कोई कीटानाशी बेचा जाता या विनिर्मित किया जाता या भंडार में रखा जाता या उपयोग में लाया जाता है, और इसके अन्तर्गत कीटनाशियों को वहन करने वाला कोई यान भी है;

(ढ) "विहित" से इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है;

(ण) अपने व्याकरणिक रूपभेदों और सजातीय अभिव्यक्तियों के सहित "रजिस्ट्रीकृत" से इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत अभिप्रेत है;

(त) अपने व्याकरणिक रूपभेदों और सजातीय अभिव्यक्तियों के सहित "विक्रय" से किसी कीटनाशी का विक्रय अभिप्रेत है, चाहे वह नकद हो या उधार पर और चाहे वह थोक हो या फुटकर, और इसके अन्तर्गत किसी कीटनाशी के विक्रय के लिए करार, उसके विक्रय की प्रस्थापना, उसे विक्रय के लिए अभिदर्शित करना या विक्रय के लिए कब्जे में रखना है, और इसके अन्तर्गत किसी ऐसे कीटनाशी के विक्रय का प्रयत्न भी है;

(थ) संघ राज्यक्षेत्र के सम्बन्ध में "राज्य सरकार" से उसका-प्रशासक अभिप्रेत है;

(द) "कर्मकार" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जो सेवा या शिक्षुता की संविदा के अधीन नियोजित है ।

4. केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड—(1) केन्द्रीय सरकार, यथाशक्यशीघ्र, एक बोर्ड का गठन करेगा जो केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड कहलाएगा और जो केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकार को इस अधिनियम के प्रशासन से उद्भूत होने वाले तकनीकी विषयों पर सलाह देगा और इस अधिनियम द्वारा या इसके अधीन बोर्ड को सौंपे गए अन्य कृत्यों का निष्पादन करेगा ।

(2) जिन विषयों पर बोर्ड उपधारा (1) के अधीन सलाह दे सकेगा, उनके अन्तर्गत निम्नलिखित से संबंधित विषय भी होंगे : —

(क) कीटनाशियों का उपयोग करने में मनुष्यों या जीव-जन्तुओं को होने वाली जोखिम और ऐसी जोखिम के निवारण के लिए आवशक सुरक्षा उपाय;

(ख) मनुष्यों या जीव-जन्तुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दृष्टि से कीटनाशियों का विनिर्माण, विक्रय, भंडारकरण, परिवहन और वितरण ।

(3) बोर्ड निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगा, अर्थात्—

(i) स्वास्थ्य-सेवाओं का महानिदेशक—पदेन, जो अध्यक्ष होगा ;

(ii) औषधि-नियंत्रक, भारत—पदेन;

(iii) भारत सरकार का वनस्पति रक्षण सलाहकार—पदेन;

(iv) खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्रालय (खाद्य विभाग) का भंडारकरण और निरीक्षण निदेशक—पदेन;

(v) कारखानों का मुख्य सलाहकार—पदेन;

(vi) राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान का निदेशक—पदेन;

(vii) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् का महानिदेशक—पदेन;

(viii) भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् का महानिदेशक—पदेन;

(ix) भारतीय प्राणी-विज्ञान सर्वेक्षण का निदेशक—पदेन;

(x) भारतीय मानक संस्थान का महानिदेशक—पदेन;

(xi) परिवहन और पोत परिवहन मंत्रालय का पोतपरिवहन महानिदेशक अथवा, उसकी अनुपस्थिति में पोतपरिवहन उपमहानिदेशक—पदेन;

(xii) रेल मंत्रालय (रेल बोर्ड) का यातायात (साधारण) संयुक्त निदेशक—पदेन;

(xiii) केन्द्रीय खाद्य-मानक समिति का सचिव—पदेन;

[1][(xiiiक) पशुपालन आयुक्त, कृषि विभाग—पदेन;

(xiiiख) संयुक्त आयुक्त (मीना-उद्योग), कृषि विभाग—पदेन;

(xiiiग) वन उपमहानिरीक्षक (वन्यजीव), कृषि विभाग—पदेन;

(xiiiघ) उद्योग सलाहकार (रसायन), तकनीकी विकास महानिदेशालय—पदेन;]

(xiv) पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने वाला एक व्यक्ति, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट होगा;

(xv) एक औषधविज्ञानी, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट होगा;

(xvi) एक चिकित्सीय विषयविज्ञानी, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट होगा ;

(xvii) एक व्यक्ति जो किसी राज्य में लोकस्वास्थ्य विषयक विभाग का भारसाधक हो, और जो केन्द्रीय सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट होगा;

(xviii) दो व्यक्ति जो राज्यों में कृषि निदेशक हों, और जो केन्द्रीय सरकार द्वारा नानिर्दिष्ट होंगे;

(xix) चार व्यक्ति, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट होंगे, और जिनमें से एक औद्योगिक स्वास्थ्य और उपजीविकाजन्य परिसंकटों का विशेषज्ञ होगा ;

(xx) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् का प्रतिनिधित्व करने वाला एक व्यक्ति, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट होगा;

[1][(xxi) एक परिस्थिति विज्ञानी, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट होगा ।]

(4) उपधारा (3) के खण्ड (xiv) से [2][(xxi)] तक (जिनमें ये दोनों भी हैं), के अधीन नामनिर्दिष्ट व्यक्ति, जब तक उनके स्थान पदत्याग या मृत्यु द्वारा या अन्यथा पहले ही रिक्त न हो जाएं, अपने नामनिर्देशन की तारीख से तीन वर्ष के लिए पद धारण करेंगे, किन्तु ये पुनर्नामनिर्देशन के पात्र होंगे :

---

[1] 1977 के अधिनियम सं० 24 की धारा 2 द्वारा अन्त:स्थापित ।

[2] 1977 के अधिनियम सं० 24 की धारा 2 द्वारा "(xx)" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

परन्तु खण्ड (xvii) और (xviii) के अधीन नामनिर्दिष्ट व्यक्ति तभी तक पद धारण करेंगे जब तक वे उन नियुक्तियों को धारण किए हुए हैं जिनके आधार पर उनके नामनिर्देशन किए गए हैं ।

[1][(5) बोर्ड, रजिस्ट्रीकरण समिति या धारा 6 के अधीन नियुक्त किसी समिति के किसी कार्य या कार्यवाही को केवल इस आधार पर प्रश्नगत नहीं किया जाएगा कि, यथास्थिति, बोर्ड, रजिस्ट्रीकरण समिति या ऐसी समिति में कोई रिक्ति है या उसके गठन में कोई त्रुटि है ।]

5. रजिस्ट्रीकरण समिति—(1) केन्द्रीय सरकार एक रजिस्ट्रीकरण समिति का गठन करेगी, जिसमें एक अध्यक्ष और पांच से अनधिक ऐसे व्यक्ति होंगे जो बोर्ड के सदस्य हों (जिनके अन्तर्गत भारत का औषधि नियंत्रक और भारत सरकार का वनस्पति रक्षण सलाहकार भी है), जो—

(i) कीटनाशियों के सूत्रों की संवीक्षा तथा उनकी प्रभावकारिता और मनुष्यों तथा जीव-जन्तुओं की सुरक्षा की बाबत, यथास्थिति, आयातकर्ता या विनिर्माता द्वारा किए गए दावों का सत्यापन करने के पश्चात् कीटनाशियों का रजिस्ट्रीकरण करेगी, तथा

(ii) अन्य ऐसे कृत्य करेगी, जो उसे इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन सौंपे गए हों ।

(2) जहां अध्यक्ष बोर्ड का सदस्य न हो, वहां उसकी पदावधि तथा सेवा की अन्य शर्तें वे होंगी जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अवधारित की जाएं ।

(3) उपधारा (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, रजिस्ट्रीकरण समिति का सदस्य तब तक पद धारण करेगा जब तक वह बोर्ड का सदस्य बना रहे ।

(4) समिति उतनी संख्या में और ऐसे प्रयोजन या कालावधि के लिए जिसे वह ठीक समझे विशेषज्ञ भी सहयोजित कर सकेगी, किन्तु इस भांति सहयोजित विशेषज्ञ को मत देने का अधिकार नहीं होगा ।

(5) रजिस्ट्रीकरण समिति अपनी स्वयं की प्रक्रिया का और अपने द्वारा किए जाने वाले कार्य के संचालन का विनियमन करेगी ।

6. अन्य समितियां—उन शक्तियों के प्रयोग और उन कर्तव्यों के पालन के लिए जिन्हें बोर्ड, उन शर्तों के, यदि कोई हों, जो वह अधिरोपित करे, अध्यधीन उन्हें प्रत्यायोजित करे, बोर्ड ऐसी समितियां नियुक्त कर सकेगा जो वह ठीक समझे और उनमें ऐसे व्यक्ति नियुक्त कर सकेगा जो बोर्ड के सदस्य न हों ।

7. बोर्ड के लिए प्रक्रिया—बोर्ड, केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के अधीन रहते हुए, अपनी स्वयं की प्रक्रिया के और अपनी किसी समिति की प्रक्रिया के और अपने या ऐसी समिति द्वारा किए जाने वाले समस्त कार्य के संचालन के प्रयोजन के लिए उपविधियां बना सकेगा ।

8. सचिव तथा अन्य अधिकारी—केन्द्रीय सरकार—

(i) किसी व्यक्ति को बोर्ड का सचिव नियुक्त करेगी, जो रजिस्ट्रीकरण समिति के सचिव के रूप में भी कार्य करेगा, तथा

(ii) बोर्ड और रजिस्ट्रीकरण समिति के लिए ऐसे तकनीकी और कर्मचारिवृन्द की व्यवस्था करेगी, जिन्हें केन्द्रीय सरकार आवश्यक समझे ।

9. कीटनाशियों का रजिस्ट्रीकरण—(1) जो व्यक्ति किसी कीटनाशी के आयात या विनिर्माण का इच्छुक हो, वह ऐसे कीटनाशी के रजिस्ट्रीकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण समिति से आवेदन कर सकेगा और प्रत्येक ऐसे कीटनाशी के लिए पृथक् आवेदन होगा :

परन्तु जो व्यक्ति इस धारा के प्रारम्भ के ठीक पहले किसी कीटनाशी के आयात या विनिर्माण के कारबार में लगा हुआ हो, वह रजिस्ट्रीकरण समिति से किसी ऐसे कीटनाशी के रजिस्ट्रीकरण के लिए, जिसका आयात या विनिर्माण वह उस तारीख से पहले करता रहा हो, ऐसे प्रारम्भ की तारीख से [2][सत्रह मास] की कालावधि के भीतर आवेदन करेगा :

[3][परन्तु यह और कि जहां पूर्ववर्ती परन्तुक में निर्दिष्ट कोई व्यक्ति, उस परन्तुक के अधीन, उसमें विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर आवेदन करने में असफल रहता है तो वह तत्पश्चात् किसी समय प्रत्येक ऐसे कीटनाशी रजिस्ट्रीकरण के लिए विनिर्दिष्ट कालावधि के अवसान के पश्चात् प्रत्येक मास या उसके किसी भाग के लिए एक सौ रुपए की शास्ति का संदाय करके, ऐसा आवेदन कर सकेगा ।]

(2) उपधारा (1) के अधीन प्रत्येक आवेदन ऐसे प्ररूप में किया जाएगा, और उसमें ऐसी विशिष्टियां अन्तर्विष्ट होंगी जिन्हें विहित किया जाए ।

---

[1] 1977 के अधिनियम सं० 24 की धारा 2 द्वारा उपधारा (5) के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

[2] 1972 के अधिनियम सं० 46 की धारा 2 द्वारा (1-8-1971 से) "छह मास" शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

[3] 1972 के अधिनियम सं० 46 की धारा 2 द्वारा (1-8-1971 से) अंत:स्थापित ।

(3) किसी कीटनाशी के रजिस्ट्रीकरण के लिए ऐसे किसी आवेदन के प्राप्त होने पर समिति ऐसी जांच के पश्चात्, जैसी वह ठीक समझे, और अपना यह समाधान कर लेने के पश्चात् कि वह कीटानाशी, जिसकी बाबत आवेदन है, कीटनाशी की प्रभावकारिता और मनुष्यों तथा जीव-जन्तुओं के लिए उसकी निरापदता के संबंध में, यथास्थिति, आयातकर्ता या विनिर्माता द्वारा किए गए दावों के अनुरूप है; [1][ऐसी शर्तों पर जो समिति द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएं;] और ऐसी फीस के संदाय पर, जो विहित की जाएं, कीटनाशी का रजिस्ट्रीकरण कर सकेगी, जो उसे एक रजिस्ट्रीकरण-संख्यांक आबंटित कर सकेगी और आवेदन की प्राप्ति की तारीख से बारह मास की कालावधि के भीतर उसके प्रमाणस्वरुप रजिस्ट्रीकरण-प्रमाणपत्र जारी कर सकेगी :

परन्तु यदि समिति अपने समक्ष पेश की गई सामग्रियों के आधार पर उक्त कालावधि के भीतर विनिश्चय करने में असमर्थ हो, तो उस कालावधि को छह मास से अनधिक की अतिरिक्त कालावधि के लिए बढ़ा सकेगी :

परन्तु यह और कि यदि समिति की यह राय हो कि वे पूर्वावधानियां, जिनके बारे में आवेदक द्वारा यह दावा किया गया है कि वे मनुष्यों या जीव-जन्तुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त है, ऐसी नहीं हैं जो सरलता से बरती जा सकें, अथवा ऐसी पूर्वावधानियां बरती जाने पर भी, कीटनाशियों के उपयोग में मनुष्यों या जीवजन्तुओं के लिए गम्भीर जोखित अन्तर्ग्रस्त है, तो वह कीटनाशी का रजिस्ट्रीकरण करने से इन्कार कर सकेगी ।

[2][(3क) समिति द्वारा 31 मार्च, 1975 के पूर्व प्राप्त आवेदनों की दशा में, उपधारा (3) में ऐसे आवेदनों का निपटारा करने के लिए विनिर्दिष्ट अवधि का अवसान हो जाने पर भी, रजिस्ट्रीकरण समिति के लिए यह विधिपूर्ण होगा और सदैव विधिपूर्ण समझा जाएगा कि वह ऐसे आवेदनों का निपटारा ऐसे अवसान के पश्चात् किसी भी समय किन्तु कीटनाशी (संशोधन) अधिनियम, 1977 के प्रारम्भ से एक वर्ष की अवधि के भीतर करे :

परन्तु इस उपधारा में अन्तर्विष्ट किसी बात के बारे में यह नहीं समझा जाएगा कि वह कीटनाशी (संशोधन) अधिनियम, 1977 के प्रारम्भ के पूर्व दिए गए किसी रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र की किसी शर्त का ऐसे प्रारंभ के पूर्व किए गए किसी उल्लंघन को इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय अपराध बनाती है ।

(3ख) जहां रजिस्ट्रीकरण समिति कि यह राय हो कि कीटनाशी को भारत में पहली बार प्रयोग में लाया गया है वहां वह, किसी जांच के लम्बित रहने के दौरान, उसको ऐसी शर्तों पर जो समिति द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए, दो वर्ष की कालावधि के लिए अनन्तिम रूप से रजिस्टर करेगी ।

(3ग) रजिस्ट्रीकरण समिति, कीटनाशी की प्रभावकारिता और मनुष्यों तथा जीव-जन्तुओं के लिए उसकी निरापदता को ध्यान में रखते हुए, उन शर्तों में परिवर्तन कर सकेगी जिनके अधीन रजिस्ट्रीकरण-प्रमाणपत्र दिया गया है और वह उस प्रयोजन के लिए प्रमाणपत्र के धारक से लिखित सूचना द्वारा यह अपेक्षा कर सकेगी कि वह उस प्रमाणपत्र को ऐसे समय के भीतर जो उस सूचना में विनिर्दिष्ट किया जाए, उसको समर्पित करे ।]

(4) इस धारा में किसी बात के होते हुए भी, जहां किसी व्यक्ति के आवेदन पर कीटनाशी का रजिस्ट्रीकरण हो गया हो, वहां किसी कीटनाशी का आयात या विनिर्माण करने के इच्छुक या उसके आयात या विनिर्माण के कारबार में लगे हुए किसी अन्य व्यक्ति के आवेदन करने और विहित फीस का संदाय करने पर उसे उन्हीं शर्तों पर, जिन पर कीटनाशी का मूलत: रजिस्ट्रीकरण किया गया था, रजिस्ट्रीकरण-संख्यांक आबंटित किया जाएगा और उसकी बाबत उसे रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र दिया जाएगा ।

10. रजिस्ट्रीकरण न करने या रद्द करने के विरुद्ध अपील—रजिस्ट्रीकरण समिति के धारा 9 के अधीन विनिश्चय से व्यथित कोई व्यक्ति अपने को विनिश्चय सूचित किए जाने की तारीख से तीस दिन की कालावधि के भीतर विहित रीति से और विहित फीस के संदाय पर केन्द्रीय सरकार को अपील कर सकेगा जिसका उस पर विनिश्चय अन्तिम होगा :

परन्तु केन्द्रीय सरकार उक्त कालावधि के अवसान के पश्चात् भी अपील ग्रहण कर सकेगी, यदि उसका समाधान हो जाए कि अपीलार्थी के समय पर अपील फाइल न करने के लिए पर्याप्त कारण था ।

11. केन्द्रीय सरकार की पुनरीक्षण की शक्ति—केन्द्रीय सरकार किसी भी समय किसी ऐसे मामले से, जिसमें रजिस्ट्रीकरण समिति ने धारा 9 के अधीन विनिश्चय दिया हो, संबंधित अभिलेख को किसी ऐसे विनिश्चय की वैधता या औचित्य के बारे में अपना समाधान करने के प्रयोजन के लिए मांग सकेगी और उस संबंध में कोई ऐसा आदेश पारित कर सकेगी जो वह ठीक समझे :

परन्तु ऐसा कोई आदेश विनिश्चय की तारीख से एक वर्ष के अवसान के पश्चात् पारित नहीं किया जाएगा :

परन्तु यह और कि केन्द्रीय सरकार किसी व्यक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला कोई आदेश तब तक पारित नहीं करेगी जब तक उस व्यक्ति को प्रस्थापित आदेश के विरुद्ध कारण दर्शित करने के लिए उचित अवसर न मिल गया हो ।

12. अनुज्ञापन अधिकारी—राज्य सरकार, शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए ऐसे व्यक्तियों को जिन्हें वह ठीक समझे, अनुज्ञापन अधिकारी नियुक्त कर सकेगी और उन क्षेत्रों को परिभाषित कर सकेगी जिनकी बाबत वे अधिकारिता का प्रयोग करेंगे ।

---

[1] 1977 के अधिनियम सं० 24 की धारा 3 द्वारा "ऐसी शर्तों" स्थान पर प्रतिस्थापित ।

[2] 1977 के अधिनियम सं० 24 की धारा 3 द्वारा अंत:स्थापित ।

13. अनुज्ञप्ति का दिया जाना—(1) कोई व्यक्ति जो किसी कीटनाशी का विनिर्माण या विक्रय करने अथवा विक्रय के लिए उसका स्टाक या प्रदर्शन करने [1][अथवा उसे वितरित करने का या किसी कीटनाशी का उपयोग करके वाणिज्यिक नाशक-जीव नियंत्रण संक्रियाएं आरंभ करने का इच्छुक हो] अनुज्ञप्ति के दिए जाने के लिए अनुज्ञापन अधिकारी से आवेदन कर सकेगा :

परन्तु कोई व्यक्ति जो इस धारा के प्रारंभ ठीक पहले किसी कीटनाशी के विनिर्माण, विक्रय अथवा विक्रय के लिए उस स्टाक या प्रदर्शन करने अथवा उसके वितरण के कारबार में लगा हुआ हो, अनुज्ञप्ति के दिए जाने के लिए अनुज्ञापन अधिकारी से आवेदन ऐसे प्रारम्भ की तारीख से [2][सत्रह मास] की कालावधि के भीतर करेगा :

[1][परन्तु यह और कि कोई व्यक्ति जो कीटनाशी (संशोधन) अधिनियम, 1977 के प्रारम्भ के ठीक पहले वणिज्यिक नाशक-जीव नियंत्रण संक्रियाओं में लगा हुआ हो, अनुज्ञप्ति के दिए जाने के लिए अनुज्ञापन अधिकारी से आवेदन उक्त अधिनियम के प्रारम्भ से छह मास की कालावधि के भीतर करेगा ।]

(2) उपधारा (1) के अधीन प्रत्येक आवेदन ऐसे प्ररूप में किया जाएगा और उसमें ऐसी विशिष्टियां अन्तर्विष्ट होंगी जिन्हें विहित किया जाए ।

(3) अनुज्ञप्ति दिए जाने के लिए किसी ऐसे आवेदन के प्राप्त होने पर, अनुज्ञापन अधिकारी अनुज्ञप्ति ऐसे प्ररूप में, ऐसी शर्तों पर और ऐसी फीस के संदाय पर, जिन्हें विहित किया जाए, देगा ।

(4) इस धारा के अधीन दी गई अनुज्ञप्ति उसमें विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए विधिमान्य होगी और वह समय-समय पर ऐसी कालावधियों के लिए और ऐसी फीस के संदाय पर, जिन्हें विहित किया जाए, नवीकृत की जा सकेगी :

परन्तु जहां अनुज्ञप्ति किसी ऐसे व्यक्ति को दी गई हो जिसने उपधारा (1) के [3][यथास्थिति, प्रथम परन्तुक या द्वितीय परन्तुक] के अधीन आवेदन किया हो, वहां वह अनुज्ञप्ति किसी ऐसे कीटनाशी के संबंध में, जिसके रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन इस अधिनियम के अधीन नामंजूर कर दिया गया हो या जिसका रजिस्ट्रीकरण इस अधिनियम के अधीन रद्द कर दिया गया हो, उस तारीख से, जिसको ऐसी नामंजूरी या रद्दकरण शासकीय राजपत्र में अधिसूचित किया गया हो, रद्द समझी जाएगी ।

[1][(5) इस धारा के अधीन अनुज्ञप्तियों के दिए जाने या नवीकरण के लिए फीस विहित करते समय, घरेलू उपयोग के प्रयोजन के लिए और अन्य प्रयोजनों के लिए कीटनाशियों के विक्रय या वितरण के लिए अलग-अलग फीस विहित की जा सकेंगी ।]

14. अनुज्ञप्तियों का प्रतिसंहरण, निलम्बन और संशोधन—(1) यदि अनुज्ञापन अधिकारी का, इस निमित्त उसे किए गए निर्देश पर अथवा अन्यथा, समाधान हो जाए कि—

(क) धारा 13 के अधीन दी गई अनुज्ञप्ति किसी आवश्यक तथ्य की बाबत दुर्व्यपदेशन के कारण दी गई है, अथवा

(ख) अनुज्ञप्ति का धारक उन शर्तों के, जिनके अध्यधीन अनुज्ञप्ति दी गई, अनुपालन में असफल रहा है, या उसने इस अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों में से किसी का उल्लंघन किया है,

तो किसी अन्य ऐसी शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, जिसका भागी अनुज्ञप्ति का धारक इस अधिनियम के अधीन हो, अनुज्ञापन अधिकारी, अनुज्ञप्ति के धारक को कारण दर्शित करने का अवसर देने के पश्चात् अनुज्ञप्ति को प्रतिसंहृत या निलंबित कर सकेगा ।

(2) किन्हीं ऐसे नियमों के अधीन रहते हुए, जो इस निमित्त बनाए जाएं, अनुज्ञापन अधिकारी धारा 13 के अधीन दी गई अनुज्ञप्ति में फेरफार या संशोधन भी कर सकेगा ।

15. अनुज्ञापन अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपील—(1) अनुज्ञापन अधिकारी के धारा 13 के [उपधारा (4) के परन्तुक को छोड़कर] या धारा 14 के अधीन के विनिश्चय से व्यथित कोई व्यक्ति अपने को वह विनिश्चय संसूचित किए जाने की तारीख के तीस दिन की कालावधि के भीतर ऐसे प्राधिकारी को ऐसी रीति से और ऐसी फीस के संदाय पर, जिन्हें विहित किया जाए, अपील कर सकेगा :

परन्तु अपील प्राधिकारी उक्त कालावधि के अवसान के पश्चात् भी अपील ग्रहण कर सकेगा, यदि उसका समाधान हो जाए कि अपीलार्थी के समय पर अपील फाइल न करने के लिए पर्याप्त कारण था ।

(2) उपधारा (1) के अधीन अपील प्राप्त होने पर, अपीलार्थी को कारण दर्शित करने का अवसर देने के पश्चात् अपील प्राधिकारी मामूली तौर से छह मास की कालावधि के भीतर अपील का निपटारा कर देगा और अपील प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा ।

16. केन्द्रीय कीटनाशी प्रयोगशाला—केन्द्रीय सरकार, अपने द्वारा नियुक्त किए जाने वाले निदेशक के नियंत्रण के अधीन एक केन्द्रीय कीटनाशी प्रयोगशाला की स्थापना, इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन उसे सौंपे गए कृत्यों को करने के लिए कर सकेगी :

---

[1] 1977 के अधिनियम सं० 24 की धारा 4 द्वारा अंत:स्थापित ।

[2] 1972 के अधिनियम सं० 46 की धारा 3 द्वारा (1-8-1971 से) "तीन मास" शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

[3] 1977 के अधिनियम सं० 24 की धारा 4 द्वारा "परन्तुक" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार, शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, ऐसा निदेश दे, तो केन्द्रीय कीटनाशी प्रयोगशाला के कृत्य, जहां तक वे अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए जाएं, किसी ऐसी संस्था में, भी किए जा सकेंगे, जो उसमें विनिर्दिष्ट की जाए और सब केन्द्रीय कीटनाशी प्रयोगशाला के निदेशक के कृत्य इस प्रकार विनिर्दिष्ट सीमा तक उस संस्था के प्रधान द्वारा किए जाएंगे ।

17. कुछ कीटनाशियों के आयात और विनिर्माण का प्रतिषेध—(1) कोई व्यक्ति स्वयं, या अपनी ओर से किसी व्यक्ति द्वारा,—

(क) किसी कूटनामी कीटनाशी का;

(ख) किसी कीटनाशी का, जिसका विक्रय, वितरण या उपयोग तत्समय धारा 27 के अधीन प्रतिषिद्ध हो;

(ग) किसी कीटनाशी का, जिन शर्तों पर उसका रजिस्ट्रीकरण हुआ हो उनके अनुसरण के बिना;

(घ) किसी कीटनाशी का इस अधिनियम के अन्य किसी उपबन्ध या इस अधिनियम के अधीन बनाए गए किसी नियम के उल्लंघन में,

आयात या विनिर्माण नहीं करेगा :

परन्तु कोई व्यक्ति, जिसने धारा 9 की उपधारा (1) के [1][किसी भी परन्तु के अधीन] कीटनाशी के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन किया हो, वैसे किसी कीटनाशी का आयात या विनिर्माण चालू रख सकेगा और ऐसा कीटनाशी धारा 3 के खण्ड (ट) के उपखण्ड (vi) या उपखण्ड (vii) या उपखण्ड (viii) के अर्थ में तब तक कूटनामी कीटनाशी नहीं समझा जाएगा, जब तक उसे रजिस्ट्रीकरण समिति द्वारा उक्त कीटनाशी का रजिस्ट्रीकरण करने से इन्कार करने के उसके विनिश्चय की इत्तिला न दे दी गई हो ।

(2) कोई व्यक्ति स्वयं, या अपनी ओर से किसी व्यक्ति द्वारा किसी कीटनाशी का विनिर्माण इस अधिनियम के अधीन ऐसे प्रयोजन के लिए दी गई अनुज्ञप्ति के अधीन और उसकी शर्तों के अनुसार ही करेगा, अन्यथा नहीं ।

18. कुछ कीटनाशियों के विक्रय, आदि का प्रतिषेध—(1) कोई व्यक्ति स्वयं या अपनी ओर से किसी व्यक्ति द्वारा—

(क) किसी कीटनाशी का, जिसका इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकरण न हुआ हो;

(ख) किसी कीटनाशी का, जिसका विक्रय, वितरण या उपयोग धारा 27 के अधीन तत्समय प्रतिषिद्ध हो :

(ग) किसी कीटनाशी का, इस अधिनियम के अन्य किसी उपबन्ध या इस अधिनियम के अधीन बनाए गए किसी नियम के उल्लंघन में,

[2][विक्रय, विक्रय के लिए स्टाक या प्रदर्शन, वितरण, परिवहन या उपयोग नहीं करेगा और न किसी कर्मकार द्वारा उसका उपयोग कराएगा ।]

(2) कोई व्यक्ति स्वयं, या अपनी ओर से किसी व्यक्ति द्वारा, इस अधिनियम के अधीन ऐसे प्रयोजन के लिए दी गई अनुज्ञप्ति के अधीन और [3][उसकी शर्तों के अनुसार ही कीटानाशी का विक्रय के लिए स्टाक या प्रदर्शन अथवा वितरण या वाणिज्यिक नाशक-जीव नियंत्रण संक्रियाओं के लिए उपयोग करेगा] अन्यथा नहीं ।

स्पष्टीकरण—इस धारा के प्रयोजनों के लिए कोई कीटनाशी जिसकी बाबत किसी व्यक्ति ने धारा 9 की उपधारा (1) के [4][किसी भी परन्तुक के अधीन] रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया हो, उस तारीख तक रजिस्ट्रीकृत समझा जाएगा, जिसको ऐसे कीटानाशी का रजिस्ट्रीकरण करने से इन्कार शासकीय राजपत्र में अधिसूचित कर दिया गया हो ।

19. कीटनाशी विश्लेषक—केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा उतनी संख्या में, जितनी वह ठीक समझे और ऐसी तकनीकी और अन्य अर्हताएं जो विहित की जाएं, रखने वाले व्यक्तियों को ऐसे क्षेत्रों के लिए और उन कीटनाशियों की बाबत या कीटनाशियों के उस वर्ग की बाबत, जो अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए जाएं, कीटनाशी विश्लेषकों के रूप में नियुक्त कर सकेगी :

परन्तु कोई व्यक्ति, जिसका किसी कीटनाशी के विनिर्माण, आयात या विक्रय में कोई वित्तीय हित हो, इस प्रकार नियुक्त नहीं किया जाएगा ।

20. कीटनाशी निरीक्षक—(1) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार, शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, उतनी संख्या में, जितनी वह ठीक समझे, और ऐसी तकनीकी और अन्य अर्हताएं, जो विहित की जाएं, रखने वाले व्यक्तियों को उन क्षेत्रों के लिए, जो अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए जाएं, कीटनाशी निरीक्षकों के रूप में नियुक्त कर सकेगी :

---

[1] 1972 के अधिनियम सं० 46 की धारा 4 द्वारा (1-8-1971 से) "परन्तुक के अधीन" शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

[2] 1977 के अधिनियम सं० 24 की धारा 5 द्वारा कुछ शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

[3] 1977 के अधिनियम सं० 24 की धारा 5 द्वारा अंत:स्थापित ।

[4] 1972 के अधिनियम सं० 46 की धारा 5 द्वारा (1-8-1971 से) "परन्तुक के अधीन" शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

परन्तु कोई व्यक्ति जो अपेक्षित अर्हताएं न रखता हो, केवल धारा 21 की उपधारा (1) के खण्ड (क) और खण्ड (घ) के प्रयोजनों के लिए इस प्रकार नियुक्त किया जा सकेगा :

परन्तु यह और कि कोई व्यक्ति, जिसका किसी कीटनाशी के विनिर्माण, आयात या विक्रय में कोई वित्तीय हित हो, इस प्रकार नियुक्त नहीं किया जाएगा ।

(2) प्रत्येक कीटनाशी निरीक्षक भारतीय दण्ड संहिता, (1860 का 45) की धारा 21 के अर्थ में लोक सेवक समझा जाएगा और वह शासकीय रूप से ऐसे प्राधिकारी के अधीनस्थ होगा जिसे उसको नियुक्त करने वाली सरकार इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे ।

21. कीटनाशी निरीक्षकों की शक्तियां—(1) कीटनाशी निरीक्षक को यह शक्ति होगी कि वह—

(क) सभी युक्तियुक्त समयों पर और ऐसी सहायता के साथ, यदि कोई हो, जैसी वह आवश्यक समझे, किसी परिसर में, जिसकी बाबत उसके पास या विश्वास करने का कारण हो कि उसने इस अधिनियम के या तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन अपराध किया गया है, या किया जा रहा है, या किया जाने वाला है, या अपना यह समाधान करने के प्रयोजन से कि क्या इस अधिनियम के या तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों का या तद्धीन जारी किए गए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र की या जारी की गई अनुज्ञप्ति की शर्तों का अनुपालन किया जा रहा है, प्रवेश करे तथा तलाशी ले :

(ख) विनिर्माता, वितरक, वाहक, व्यौहारी या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा इस अधिनियम के या तद्धीन बनाए गए नियमों के अनुसरण में रखे गए रजिस्टरों, अभिलेखों या अन्य दस्तावेजों के पेश किए जाने की अपेक्षा करे, उनका निरीक्षण करे, उनकी परीक्षा करे और उनकी प्रतिलिपियां तैयार करे या उनसे उद्धरण ले और यदि उसके पास यह विश्वास करने का कारण हो कि वे सभी या उनमें से कोई इस अधिनियम के या तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन दंडनीय अपराध करने का साक्ष्य हो सकेगी तो उनका अभिग्रहण कर ले;

(ग) यह अभिनिश्चय करने के लिए कि क्या इस अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों का अनुपालन किया जा रहा है, ऐसी परीक्षा और जांच करे जो वह ठीक समझे और उस प्रयोजन के लिए किसी भी यान को रोक ले ;

(घ) ऐसे किसी कीटनाशी के वितरण, विक्रय या उपयोग को, जिसकी बाबत उसके पास यह विश्वास करने का कारण हो कि उसका वितरण, विक्रय या उपयोग इस अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों के उल्लंघन में किया जा रहा है, [1][तीस] दिन से अनधिक की विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए रोक दे अथवा जब तक अभिकथित उल्लंघन ऐसा न हो कि नुक्स कीटनाशी का कब्जा रखने वाले व्यक्ति द्वारा दूर किया जा सकता हो, ऐसे कीटनाशी के स्टाक का अभिग्रहण कर ले;

(ङ) किसी कीटनाशी के नमूने ले और ऐसे नमूने को विश्लेषण के लिए कीटनाशी विश्लेषक को विहित रीति से परीक्षण के लिए भेज दे; तथा

(च) अन्य ऐसी शक्तियों का प्रयोग करे जो इस अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक हों ।

[2][(2) दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) के उपबंध, इस अधिनियम के अधीन किसी तलाशी या अधिग्रहण को यथाशक्य उसी भांति लागू होंगे जैसे वह उक्त संहिता की धारा 94 के अधीन जारी किए गए वारंट के प्राधिकार के अधीन ली गई किसी तलाशी या अभिग्रहण को लागू होते हैं ।]

(3) कीटनाशी निरीक्षक, [3][दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 42] के अधीन पुलिस अधिकारियों की शक्तियों का प्रयोग उस व्यक्ति के वास्तविक नाम तथा निवास के अभिनिश्चय के प्रयोजन के लिए कर सकेगा जिससे नमूना लिया गया या कीटनाशी का अभिग्रहण किया गया हो ।

22. कीटनाशी निरीक्षकों द्वारा अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया—(1) जहां कोई कीटनाशी निरीक्षक धारा 21 की उपधारा (1) के खंड (क) के अधीन किसी अभिलेख, रजिस्टर या दस्तावेज का अभिग्रहण करे वहां वह, यथाशक्यशीघ्र, मजिस्ट्रेट को इत्तिला देगा, और उसकी अभिरक्षा के बारे में उसके आदेश प्राप्त करेगा ।

(2) जहां कीटनाशी निरीक्षक धारा 21 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) के अधीन कोई कार्रवाई करे वहां—

(क) यह अभिनिश्चय करने में वह समस्त शीघ्रता करेगा कि कीटनाशी अथवा उसका विक्रय, वितरण या उपयोग धारा 18 के उपबंधों में से किसी का उल्लंघन करता है, अथवा नहीं और यदि अभिनिश्चय हो जाए कि कीटनाशी अथवा उसका विक्रय, वितरण या उपयोग इस प्रकार उल्लंघन नहीं करता है, तो वह उक्त खंड के अधीन पारित आदेश का,

---

[1] 2000 के अधिनियम सं० 23 की धारा 2 द्वारा (5-8-2000 से) "बीस" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

[2] 1977 के अधिनियम सं० 24 की धारा 6 द्वारा पूर्ववर्ती उपधारा (2) के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

[3] 1977 के अधिनियम सं० 24 की धारा 6 द्वारा "दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1898 (1898 का 5) की धारा 57" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

यथास्थिति, तत्काल प्रतिसंहरण कर देगा अथवा ऐसी कार्रवाई करेगा जैसी अभिगृहीत स्टाक की वापसी के लिए आवश्यक हो;

(ख) यदि वह कीटनाशियों के स्टाक का अभिग्रहण करे तो वह, यथाशक्यशीघ्र मजिस्ट्रेट को इत्तिला देगा और उनकी अभिरक्षा के बारे में उसके आदेश प्राप्त करेगा ;

(ग) किसी अभियोजन के संस्थित किए जाने पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, यदि अभिकथित उल्लंघन ऐसा हो कि नुक्स कीटनाशी का कब्जा रखने वाले व्यक्ति द्वारा दूर किया जा सकता हो तो वह, अपना यह समाधान कर दिए जाने पर कि नुक्स इस प्रकार दूर कर दिया गया है, तत्काल आगे आदेश का प्रतिसंहरण कर देगा और उस दशा में जिसमें कीटनाशी निरीक्षक ने कीटनाशी के स्टाक का अभिग्रहण कर लिया हो, वह, यथाशक्यशीघ्र, मजिस्ट्रेट को इत्तिला देगा और इसके छोड़े जाने के बारे में उसके आदेश प्राप्त करेगा ।

[1][(3) जहां कोई कीटनाशी निरीक्षक किसी कीटनाशी का कोई नमूना ले, वहां वह उसकी रसीद देगा जिसमें यह कथन होगा कि यदि नमूना परीक्षण या विश्लेषण के पश्चात् मिथ्या छापवाला नहीं पाया जाता है और कीटनाशी विश्लेषक ने इस आशय की रिपोर्ट दी है, तो ऐसे नमूने की उचित कीमत निविदत्त की जाएगी और ऐसी कीमत निविदत्त किए जाने के पश्चात् उसके लिए लिखित अभिस्वीकृति की अपेक्षा कर सकेगा ।]

(4) [2]* * * जहां कीटनाशी निरीक्षक धारा 21 की उपधारा (1) के खंड (घ) के अधीन किसी कीटनाशी के स्टाक का अभिग्रहण करे, वहां वह विहित प्ररूप में उसके लिए रसीद निविदत्त करेगा ।

(5) जहां कीटनाशी निरीक्षक कीटनाशी का नमूना परीक्षण या विश्लेषण के प्रयोजन के लिए ले, वहां वह ऐसा प्रयोजन उस व्यक्ति को जिससे वह उसे ले, विहित प्ररूप में लिखकर प्रज्ञापित होगा करेगा और, जब तक वह व्यक्ति जानबूझकर अपने को अनुपस्थित न करे, ऐसे व्यक्ति की उपस्थिति में नमूने को तीन भागों में विभाजित करेगा और उस पर प्रभावी रूप से मुद्रा लगाएगा और उसे उपयुक्त रूप से चिह्नांकित करेगा तथा उस व्यक्ति को स्वयं उसकी मुद्रा और चिह्न इस भांति मुद्रांकित और चिह्नांकित समस्त भागों पर या उसमें से किसी पर लगाने की अनुज्ञा देगा :

परन्तु जहां कीटनाशी छोटे परिमाण के आधानों में हो वहां कीटनाशी निरीक्षक नमूने को यथापूर्वोक्त विभाजित करने के बजाय, उन्हें उपयुक्त रूप से चिह्नांकित करने के पश्चात् और, जहां आवश्यक हो, उन्हें मुद्रांकित करने के पश्चात् उक्त आधानों में से तीन ले सकेगा, और यदि कीटनाशी ऐसा हो कि उच्छन्न होने से उसके क्षय होने की या उसे अन्यथा नुकसान पहुंचने की संभावना हो, तो ऐसा अवश्य करेगा ।

(6) कीटनाशी निरीक्षक, यथास्थिति, इस प्रकार विभाजित नूमने का एक भाग या एक आधान उस व्यक्ति को वापिस कर देगा जिससे उसने वह लिया हो और शेष को अपने पास रखेगा और उसका निम्नलिखित रूप में व्ययन करेगा :—

(i) वह एक भाग या आधान, कीटनाशी विश्लेषक के पास परीक्षण या विश्लेषण के लिए तुरंत भेजेगा; तथा

(ii) दूसरे को वह उस न्यायालय में पेश करेगा जिसके समक्ष उस कीटनाशी की बाबत कार्यवाही, यदि कोई हो, संस्थित की गई हो ।

23. व्यक्ति वह स्थान प्रकट करने के लिए आबद्ध होंगे जहां कीटनाशी विनिर्मित किए या रखे जाते हैं—प्रत्येक व्यक्ति जो तत्समय किसी ऐसे परिसर का भारसाधक हो जहां किसी कीटनाशी का विनिर्माण किया जा रहा हो, या वह विक्रय या वितरण के लिए रखा गया हो, कीटनाशी निरीक्षक द्वारा ऐसा करने की अपेक्षा किए जाने पर कीटनाशी निरीक्षक को वह स्थान, जहां, यथास्थिति, कीटनाशी का विनिर्माण किया जा रहा हो या उसे रखा गया हो, प्रकट करने के लिए वैध रूप से आबद्ध होगा ।

24. कीटनाशी विश्लेषक की रिपोर्ट—(1) कीटनाशी विश्लेषक, जिसे किसी कीटनाशी का नमूना धारा 22 की उपधारा (6) के अधीन परीक्षण या विश्लेषण के लिए भेजा गया हो, [3][तीस] दिन की कालावधि के भीतर उसे भेजने वाले कीटनाशी निरीक्षक को विहित प्ररूप में दो प्रतियों में हस्ताक्षरित रिपोर्ट परिदत्त करेगा ।

(2) कीटनाशी निरीक्षक, रिपोर्ट प्राप्त होने पर, उसकी एक प्रति उस व्यक्ति को परिदत्त करेगा जिससे नमूना लिया गया हो और दूसरी प्रति को नमूने के संबंध में किसी अभियोजन में उपयोग के लिए रखे रहेगा ।

(3) कोई दस्तावेज जिसका कीटनाशी विश्लेषक द्वारा हस्ताक्षरित रिपोर्ट होना तात्पर्यित हो, उसमें कथित तथ्यों का साक्ष्य होगी, और ऐसा साक्ष्य तब के सिवाय निश्चायक होगा जब वह व्यक्ति, जिससे नमूना लिया गया हो, रिपोर्ट की प्रति प्राप्त होने से अट्ठाईस दिन के भीतर कीटनाशी निरीक्षक को या उसके न्यायालय को, जिसके समक्ष नमूने के संबंध में कोई कार्यवाही लम्बित हो, लिखित रूप में यह सूचित कर दे कि वह रिपोर्ट के खंडन में साक्ष्य पेश करना चाहता है ।

---

[1] 2000 के अधिनियम सं० 23 की धारा 3 द्वारा (5-8-2000 से) उपधारा (3) के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

[2] 2000 के अधिनियम सं० 23 की धारा 2 द्वारा (5-8-2000 से) कुछ शब्दों का लोप किया गया ।

[3] 2000 के अधिनियम सं० 23 की धारा 4 द्वारा (5-8-2000 से) "साठ" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

(4) यदि केन्द्रीय कीटनाशी प्रयोगशाला में नमूने का परीक्षण या विश्लेषण पहले न हो चुका हो, और किसी व्यक्ति ने कीटनाशी विश्लेषक की रिपोर्ट के खंडन में साक्ष्य पेश करने के अपने आशय की उपधारा (3) के अधीन सूचना दी हो, वहां न्यायालय स्वयं अपनी प्रेरणा से अथवा परिवादी या अभियुक्त की प्रार्थना पर कीटनाशी के उस नमूने को, जो धारा 22 की उपधारा (6) के अधीन मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया हो, उक्त प्रयोगशाला में परीक्षण या विश्लेषण के लिए स्वविवेकानुसार भिजवाएगा [1][उक्त प्रयोगशाला, तीस दिन की अवधि के भीतर, परीक्षण या विश्लेषण करेगी] और उसके परिणाम की लिखित रिपोर्ट देगी, जिस पर केन्द्रीय कीटनाशी प्रयोगशाला के निदेशक द्वारा या उसके प्राधिकार के अधीन हस्ताक्षर होंगे और ऐसी रिपोर्ट उसमें कथित तथ्यों का निश्चायक साक्ष्य होगी ।

(5) केन्द्रीय कीटनाशी प्रयोगशाला द्वारा उपधारा (4) के अधीन किए गए परीक्षण या विशलेषण का व्यय, न्यायालय के निदेशानुसार परिवादी या अभियुक्त द्वारा दिया जाएगा ।

25. अधिहरण—(1) जहां इस अधिनियम के या तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबंधों में से किसी का उल्लंघन करने के लिए कोई व्यक्ति इस अधिनियम के अधीन दोषसिद्ध किया जाए वहां, कीटनाशी का वह स्टाक, जिसकी बाबत उल्लंघन किया गया हो, अधिहरणीय होगा ।

(2) उपधारा (1) के उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, जहां कीटनाशी निरीक्षक के आवेदन पर या अन्यथा और ऐसी जांच के पश्चात्, जैसी आवश्यक हो, न्यायालय का समाधान हो जाए कि कीटनाशी कूटनामी कूटनाशी है, वहां वह कीटनाशी अधिहरणीय होगा ।

26. विषाक्तता की अधिसूचना—राज्य सरकार, शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, उसमें विनिर्दिष्ट किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के वर्ग से अपेक्षा कर सकेगी कि वह या वे (किसी कीटनाशी के उपयोग या हथालने से उत्पन्न) विषाक्तता की समस्त ऐसी घटनाओं की, जो उसके या उनके संज्ञान में आएं, रिपोर्ट ऐसे अधिकारी को दे या दें, जैसा उक्त अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किया जाए ।

27. कीटनाशियों के विक्रय आदि का लोक सुरक्षा के कारणों से प्रतिषेध—(1) यदि धारा 26 के अधीन रिपोर्ट पर या अन्यथा केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार की, उन कारणों से जो लेखबद्ध किए जाएंगे, यह राय हो कि धारा 3 के खण्ड (ङ) [2]* * * में विनिर्दिष्ट किसी कीटनाशी के या उसके किसी विनिर्दिष्ट धान के उपयोग से मनुष्यों या जीव-जन्तुओं को ऐसी जोखिम होने की सम्भावना है जिससे तुरन्त कार्रवाई करना समीचीन या आवश्यक हो जाता है, तो वह सरकार, शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, उस कीटनाशी या धान के विक्रय, वितरण या उपयोग का उस क्षेत्र में उस सीमा तक और (साठ दिन से अनधिक की) उतनी कालावधि के लिए जिसे अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किया जाए, मामले में अन्वेषण होने तक के लिए प्रतिषेध कर सकेगी :

परन्तु जहां अन्वेषण उक्त कालावधि के भीतर पूर्ण न हो वहां, यथास्थिति, केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार, उसे ऐसी अतिरिक्त कालावधि या कालावधियों के लिए बढ़ा सकेगी जो कुल मिलाकर तीस दिन से अधिक न हो, और जैसी वह उसी रीति से विनिर्दिष्ट करे ।

(2) यदि अपने स्वयं के अन्वेषण के परिणामस्वरूप या राज्य सरकार से रिपोर्ट प्राप्त होने पर, और रजिस्ट्रीकरण समिति से परामर्श करने के पश्चात्, केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि उक्त कीटनाशी या धान के उपयोग से किसी ऐसी जोखिम के होने की सम्भावना है या नहीं है, तो वह ऐसा आदेश (जिसके अन्तर्गत कीटनाशी के रजिस्ट्रीकरण से इन्कार करने का या उसकी बाबत दिए गए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र को यदि कोई हो, रद्द करने का आदेश भी है) पारित कर सकेगी, जिसे वह मामले की परिस्थितियों को देखते हुए ठीक समझे ।

28. रजिस्ट्रीकरण रद्द किए जाने आदि की अधिसूचना—किसी कीटनाशी का रजिस्ट्रीकरण करने से इन्कार या उसके रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का रद्दकरण शासकीय राजपत्र में और ऐसी अन्य रीति से, जो विहित की जाए, अधिसूचित किया जाएगा ।

29. अपराध और दण्ड—(1) जो कोई,—

(क) धारा 3 के खण्ड (ट) के उपखण्ड (i) या उपखण्ड (iii) या उपखण्ड (viii) के अधीन कुटनामी समझे जाने वाले किसी कीटनाशी का आयात, विनिर्माण, विक्रय, विक्रय के लिए स्टाक या प्रदर्शन, या वितरण करेगा; अथवा

(ख) रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के बिना किसी कीटनाशी का आयात या विनिर्माण करेगा; अथवा

(ग) अनुज्ञप्ति के बिना किसी कीटनाशी का विनिर्माण, विक्रय, विक्रय के लिए स्टाक या प्रदर्शन, या वितरण करेगा; अथवा

(घ) धारा 27 के उल्लंघन में किसी कीटानाशी का विक्रय या वितरण करेगा; अथवा

(ङ) किसी कर्मकार द्वारा किसी ऐसे कीटनाशी का, जिसका उपयोग धारा 27 के अधीन प्रतिषिद्ध किया गया हो, उपयोग कारित करेगा; अथवा

---

[1] 2000 के अधिनियम सं० 23 की धारा 4 द्वारा (5-8-2000 से) कुछ शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

[2] 2000 के अधिनियम सं० 23 की धारा 5 द्वारा (5-8-2000 से) "के उपखंड (iii)" का लोप किया गया ।

(च) किसी कीटनाशी निरीक्षक के, इस अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन अपनी शक्तियों के प्रयोग या कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा डालेगा,

[1][वह—

(i) प्रथम अपराध के लिए, कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, जो दस हजार रुपए से कम का नहीं होगा किन्तु जो पचास हजार रुपए तक का हो सकेगा, या दोनों से, दडंनीय होगा ;

(ii) द्वितीय तथा पश्चात्वर्ती अपराध के लिए कारावास से, जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, जो पंद्रह हजार रुपए से कम का नहीं होगा किन्तु जो पचहत्तर हजार रुपए तक का हो सकेगा, या दोनों से, दंडनीय होगा ।]

(2) जो कोई इस अधिनियम या तद्धीन बनाए किसी नियम के उपबन्धों के उल्लंघन में किसी कीटनाशी का उपयोग करेगा, वह जुर्माने से, [1][जो पांच सौ रुपए से कम का नहीं होगा किन्तु जो पांच हजार रुपए तक का हो सकेगा, या कारावास से, जिसकी अवधि छह मास तक की हो सकेगी, या दोनों से] दण्डनीय होगा ।

(3) जो कोई इस अधिनियम या तद्धीन बनाए गए किसी नियम के अन्य उपबन्धों में से किसी का या तद्धीन दिए गए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र या अनुज्ञप्ति की किसी शर्त का उल्लंघन करेगा, वह—

(i) प्रथम अपराध के लिए, कारावास से, जिसकी अवधि [1][एक वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, जो पांच हजार रुपए से कम का नहीं होगा किन्तु जो पच्चीस हजार रुपए तक का हो सकेगा या दोनों से] दण्डनीय होगा,

(ii) द्वितीय तथा पश्चात्वर्ती अपराध के लिए, कारावास से, जिसकी अवधि [1][दो वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, जो दस हजार रुपए से कम का नहीं होगा किन्तु जो पचास हजार रुपए तक का हो सकेगा, या दोनों से] दण्डनीय होगा ।

(4) यदि कोई व्यक्ति, जो इस अधिनियम के अधीन अपराध के लिए दोषसिद्ध किया गया हो, बाद में वैसा ही अपराध करे तो जिस न्यायालय के समक्ष द्वितीय या पश्चात्वर्ती दोषसिद्धि हो, उसके लिए यह विधिपूर्ण होगा कि वह अपराधी का नाम और निवास-स्थान अपराध और अधिरोपित शास्ति ऐसे समाचारपत्रों में या अन्य ऐसी रीति से, जिसका न्यायालय निदेश दे, प्रकाशित कराए ।

30. प्रतिरक्षाएं जो इस अधिनियम के अधीन अभियोजनों में करने अथवा न करने दी जा सकेंगी—(1) इस धारा में इसके पश्चात् यथा उपबन्धित के सिवाय, इस अधिनियम के अधीन अभियोजन में केवल यह साबित करना कोई प्रतिरक्षा न होगा कि अभियुक्त उस कीटनाशी की प्रकृति या क्वालिटी से, जिसकी बाबत अपराध किया गया, अथवा उस कीटनाशी के विनिर्माण, विक्रय या उपयोग में होने वाली जोखिम, अथवा उसके विनिर्माण या आयात की परिस्थितियों से अनभिज्ञ था ।

(2) धारा 17 के प्रयोजनों के लिए कोई कीटनाशी इस तथ्य के कारण ही कूटनाशी नहीं समझा जाएगा कि—

(क) उसमें कुछ अनुपकारी पदार्थ या संघटक इसलिए बढ़ाया गया है क्योंकि उसकी अपेक्षा इसलिए है कि उस कीटनाशी को वहन या उपयोग के लिए ठीक दशा वाली वाणिज्य की वस्तु के रूप में विनिर्मित या तैयार किया जाए, न कि इसलिए कि कीटनाशी के परिमाण, भार या माप को बढ़ाया जाए या उसकी घटिया क्वालिटी या अन्य नुक्स को छिपाया जाए; अथवा

(ख) विनिर्माण, तैयारी या प्रवहण की प्रक्रिया में कोई बाहरी पदार्थ अपरिहार्य रूप से उसमें अन्तर्मिश्रित हो गया है ।

(3) कोई व्यक्ति जो किसी कीटनाशी का आयातकर्ता या विनिर्माता अथवा उसके वितरण के लिए उसका अभिकर्ता न हो, इस अधिनियम के किसी उपबन्ध के उल्लंघन के लिए दायी नहीं होगा, यदि वह यह साबित कर दे—

(क) कि उसने कीटनाशी को आयातकर्ता से या उसके सम्यक् रूप से अनुज्ञप्त विनिर्माता, वितरक या व्यौहारी से अर्जित किया था;

(ख) कि न तो वह यह जानता था और न युक्तियुक्त तत्परता से यह अभिनिश्चित कर सकता था कि कीटानाशी से इस अधिनियम के किसी उपबन्ध का किसी प्रकार से उल्लंघन हुआ ;

(ग) कि वह कीटनाशी जब तक उसके कब्जे में रहा, उसका उचित रूप से भंडारकरण किया गया और वह उसी दशा में रहा जिसमें वह तब था जब उसने उसे अर्जित किया था ।

31. अपराधों का संज्ञान और विचारण—(1) इस अधिनियम के अधीन अपराध के लिए कोई अभियोजन राज्य सरकार अथवा उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा या उसकी लिखित सम्मति से ही संस्थित किया जाएगा, अन्यथा नहीं ।

---

[1] 2000 के अधिनियम सं० 23 की धारा 6 द्वारा (5-8-2000 से) कुछ शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

(2) [1][महानगर मजिस्ट्रेट या प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट] के न्यायालय से अवर कोई न्यायालय इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध का विचारण नहीं करेगा ।

[2][**31. क विशेष न्यायालय**—(1) यदि राज्य सरकार का यह समाधान हो जाता है कि किसी जिले या महानगर क्षेत्र में, इस अधिनियम के अधीन अपराधों के शीघ्र विचारण का उपबंध करने के प्रयोजन के लिए ऐसा करना आवश्यक है तो वह राजपत्र में अधिसूचना द्वारा और उच्च न्यायालय से परामर्श करने के पश्चात् ऐसे जिले या महानगर क्षेत्र में, यथास्थिति, प्रथम वर्ग के न्यायिक मजिस्ट्रेट या महानगर मजिस्ट्रेट के एक या अधिक न्यायालयों को इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए विशेष न्यायालय अधिसूचित कर सकेगी ।

(2) जब तक कि उच्च न्यायालय द्वारा अन्यथा निदेशित न किया गया हो, उपधारा (1) के अधीन अधिसूचित न्यायालय इस अधिकारिता का प्रयोग केवल इस अधिनियम के अधीन मामलों के संबंध में ही करेगा ।

(3) उपधारा (2) के उपबंधों के अधीन रहते हुए, किसी जिले या महानगर क्षेत्र में उपधारा (1) के अधीन अधिसूचित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी की अधिकारिता और शक्तियों का विस्तार, यथास्थिति, पूरे जिले या महानगर क्षेत्र पर होगा ।

(4) इस धारा के पूर्वगामी उपबंधों के अधीन रहते हुए किसी जिले या महानगर क्षेत्र में, उपधारा (1) के अधीन अधिसूचित कोई न्यायालय दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की, यथास्थिति, धारा 11 की उपधारा (1) या धारा 16 की उपधारा (1) के अधीन स्थापित न्यायालय समझा जाएगा और उस संहिता के उपबंध ऐसे न्यायालयों के संबंध में तद्नुसार लागू होंगे ।

स्पष्टीकरण—इस धारा में, "उच्च न्यायालय" का वही अर्थ है जो दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 2 के खंड (ङ) में है ।]

32. [वर्धित शास्तियां अधिरोपित करने की शक्ति ।] 1977 के अधिनियम सं० 24 की धारा 8 द्वारा निससित ।

